ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 21-05-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-05-21 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-05-22	2024-05-23	2024-05-24	2024-05-25	2024-05-26
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	45.0	46.0	46.0	47.0	47.0
न्यूनतम तापमान(से.)	32.0	33.0	33.0	34.0	34.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	27	22	30	35	29
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	7	7	7	6	6
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9	16	20	21	27
पवन दिशा (डिग्री)	230	244	260	279	261
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 45.0 से 47.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 32.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए, जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 45.0 से 47.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 32.0 से 34.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
तरबूज़	जहॉ पर तरबूज खरबूजा में पित शिरा विषाणु रोग का प्रकोप हो वहॉ किसान इमिडाक्लोप्रिड 8 मिली का 15 लीटर पानी में घोल बनाकर 8 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। तथा अन्य पती धब्बा रोग

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
	के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड के छिड़काव के 5 दिन बाद बाविस्टिन का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर छिड़काव करें।
भिण्डी	भिंडी की फसल में पीत-शिरा मोजेक रोग व सफेद मक्खी के रोकथाम के लिए डाइमिथोएट 30 ई. सी. एक मि.ली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिडकाव करें।
नींबू	किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि नींबू में फल झड़ने की समस्या से बचाव के लिए प्लानोफिक्स नामक रसायन का 2 मिली /लीटर पानी की दर से छिडकाव करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए दोपहर के समय पशुओं को छायादार स्थान पर या पेड़ के नीचे बांधे, स्नान कराये तथा पीने के लिए साफ पानी दे। पशुओं के अच्छे स्वास्थय व दुग्ध उत्पादन के लिए हरे चारे के साथ 50 ग्राम नमक तथा 50 से 100 ग्राम खनिज मिश्रण प्रति पशु अवश्य दे ।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए किसान भाई सब्जियों व बागानों में वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें।
सामान्य सलाह	अगर मानसून के सीजन में फलों के नये पौधें लगाने है तो गड्ढो की खुदाई कर उन्हे खुला छोडें ताकि हानी कारक कीट व खरपतवार के बीज नष्ट हो जाएं।